# <u>राजकीय महाविद्यालय, बदायूँ</u>

***(सत्र 2021-22 में महाविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों एवं उपलब्धियों की आख्या )***

- दिनांक 03-07-2021 कोs **वृक्षारोपण अभियान वन महोत्सव** के तीसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेविओं ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कियाA
- राजकीय महाविद्यालय बदायूं के क्रीड़ांगन में दिनांक 13-07-2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अशोक के वृक्ष का रोपण किया गया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना की तत्वावधान में दिनांक 19-07-2021 को **आजादी के अमृत महोत्सव** कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम सेनानी शहीद मंगल पांडे की जयंती मनाई गई ।
- दिनांक 20-07-2021 को राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा छात्र-छात्राओं को **जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन** के प्रति शपथ दिलाकर जागरूक किया गया ।
- राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 16-07-2021 से 22-07-2021 तक चलाए जा रहे भूजल सप्ताह के अंतर्गत **भू जल संरक्षण वर्चुअल संगोष्ठी** आयोजित की गयी|
- दिनांक 25-07-2021 को टोक्यो ओलंपिक ने प्रतिभाग कर रहे भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए तथा अधिक से अधिक पदक जीतने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने सोशल मीडिया में **विक्ट्री पंच अभियान** छेड़ा ।
- दिनांक 30-07-2021 को राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में **आजादी के अमृत महोत्सव** के उपलक्ष में चल रहे वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत गूलर, आम, अशोक, सहजन आदि वृक्षों का रोपण किया गया ।
- दिनांक 13-08-2021 को स्वतंत्रता दिवस के 75 वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष में मनाए जा रहे **आजादी के अमृत महोत्सव** के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में **फ्रीडम रन फार फिट इंडिया** कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- दिनांक 10-09-2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में **मिशन शक्ति** तृतीय चरण के अंतर्गत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया तथा कोविड-19 से बचाव के लिए छात्र छात्राओं का टीकाकरण भी किया गया।
- दिनांक 18-09-2021 को जिला प्रशासन नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित **फ्रीडम रन फॉर फिट इंडिया** में आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के वालंटियर ने प्रतिभाग कर दौड़ लगाई ।
- दिनांक 21-09-2021 को शासन द्वारा चलाए जा रहे **मिशन शक्ति** तृतीय चरण के अंतर्गत आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की स्वयंसेविका कुमारी अभिलाषा

यादव एवं एनसीसी की कैडेट कुमारी रूपल मान ने छात्राओं को **आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट** का प्रशिक्षण प्रदान किया।

- दिनांक 25-09-2021 को **पंडित दीनदयाल उपाध्याय** की जयंती मनाई गई जिसकेऽ अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर आयोजित संगोष्ठी में विचार व्यक्त करने वाले कालेज के शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।
- दिनांक 02-10-2021 को नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में **गाँधी जी व शास्त्री जी की जयंती** मनाई गई तथा **क्लीन इंडिया स्वच्छता अभियान** चलाया गया।एनएसएस एनसीसी व एन वाई के के वालंटियर्स ने स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण लेने के बाद संपूर्ण आवास विकास में पलागिंग रन के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को इकट्ठा किया।
- दिनांक 17-10-2021 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा चलाए जा रहे **प्लास्टिक उन्मूलन अभियान** में आवास विकास में प्लास्टिक इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया।
- आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 18-10-2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक उन्मूलन अभियान में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने बारिश में भीगते हुए रोडवेज बस स्टेशन परिसर में प्लास्टिक कचरा उठा कर उसका निस्तारण किया गया।
- दिनांक 20-10-2021 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक उन्मूलन अभियान में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने आज प्रातः ककराला रोड स्थित मंडी परिसर में प्लास्टिक कचरा उठा कर उसका निस्तारण किया।
- दिनांक 28-10-2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का स्वच्छता अभियान निरंतर चलाया गया, जिसके अंतर्गत ग्राम कुतरई से झुंडपुर होते हुए उपरेला तक स्वयंसेवकों ने 5 किलोमीटर की दौड़ लगाई और तीनों गांव के चौराहों को **सिंगल यूज़ प्लास्टिक** से मुक्त किया।
- दिनांक 31-10-2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना व नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में **राष्ट्रीय एकता दिवस** समारोह का आयोजन कर **सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती** मनाई गई।
- दिनांक 10-12-2021 को राजकीय महाविद्यालय, आवास विकास, बदायूं में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में **अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस** के अवसर पर **एक दिवसीय सेमिनार** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 18-12-2021 को महाविद्यालय में संचालित **रेड रिबन क्लब** के तत्वावधान में **एक दिवसीय ओरियंटेशन प्रोग्राम** का आयोजन कर महाविद्यालय की छात्राओं को **एड्स एवं महिला स्वास्थ्य** के प्रति

जागरूक किया गया । जिला महिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में **एड्स एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता** उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया गया।

- दिनांक 07-01-2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा चलाए जा रहे **आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छ भारत हेतु युवा संवाद विषय पर कार्यशाला का आयोजन** किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली परिक्षेत्र के समन्वयक डॉ सोमपाल सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
- दिनांक 08-01-2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वच्छता गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को संपन्न कराने के **लिए स्वच्छता एक्शन प्लान** का उद्घाटन किया।
- दिनांक 10-01-2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यक्रम में सभी चयनित स्वयंसेवीओं को यूनिफॉर्म वितरित किया गया तथा स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई गई।
- दिनांक 16-01-2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यक्रम के छठे दिन मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सामूहिक **सूर्य नमस्कार तथा "स्वच्छ भारत की दिशा में युवाओं का योगदान"** विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 16-01-2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यक्रम के आठवें दिन **स्वच्छता स्वास्थ्य के लिए वरदान है** विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 20-01-2022 को राजकीय महाविद्यालय बदायूं में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा चलाए जा रहे 10 दिवसीय स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यक्रम का समापन के अवसर पर सभी स्वयसेविओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
- दिनांक 09-05-2022 को **महाराणा प्रताप जयंती** के उपलक्ष में इतिहास विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में परिचर्चा का आयोजन कर महाराणा प्रताप के शौर्य एवं बलिदान को याद किया गया।
- दिनांक 11-05-2022 को चल रहे आजादी के **अमृत महोत्सव एवं मिशन शक्ति अभियान** के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ साथ शिक्षकों ने 1857 के आंदोलन से लेकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन तक में नारी शक्ति की भागीदारी और उनके योगदान पर पर चर्चा की।
- दिनांक 13-05-2022 को स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को **टेबलेट वितरण समारोह** आयोजित कर युवा तकनीकी सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा टेबलेट वितरित किया

- ❖ दिनांक 17-05-202 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नारी स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था **हैल्थी वीमेन सोसायटी** ने छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया तथा स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया।
- ❖ दिनांक 18-05-2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत **"कन्या भ्रूण हत्या एक अभिशाप"** विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- ❖ दिनांक 19-05-2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में **सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं एवं सभी शिक्षकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने के लिए शपथ ग्रहण कराई।
- ❖ दिनांक 20-05-2022 को स्थापित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में छात्र छात्राओं को भारतीय सेना तथा अर्धसैनिक बलों में कैरियर बनाने के लिए **कैरियर काउंसलिंग** कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- ❖ दिनांक 22-05-2022 को जंतु विज्ञान विभाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में **जैव विविधता दिवस** मनाया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की एक शैक्षिक भ्रमण युक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय **"जैव विविधता की हानि तथा परिस्थितिकी तंत्र पर इसका प्रभाव "** था।
- ❖ दिनांक 24-05-2022 को राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ,जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे जैव विविधता के संरक्षण से सम्बंधित **दो दिवसीय कार्यशाला** का आज समापन हो गया।
- ❖ दिनांक 25-05-2022 को जंतु विज्ञान विभाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत **विश्व थायराइड दिवस** ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरीको से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. बरखा, डॉ. सरिता यादव व डॉ. गौरव कुमार सिंह ने थायराइड रोग के कारण और निवारण विषय पर अपने व्याख्यान द्वारा छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की। मुख्य वक्ता डॉ. आकांक्षा सिंह ने थायरॉइड से जुडी सभी समस्याओ तथा उनके समाधान के बारे में बताया।
- ❖ दिनांक 30-05-2021 को **मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत "चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो"** कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं की काउंसलिंग की गई। काउंसलर के रूप में प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता, हिंदी की विभागाध्यक्ष डॉ अंशु सत्यार्थी एवं प्राणी विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ बरखा ने व्यक्तिगत रूप से अलग अलग एक एक छात्राओं के अंतर्मन को टटोला तथा पूर्ण गोपनीयता के साथ उनके मानसिक पीड़ा को दूर करने का प्रयास किया।

- दिनांक 18-06-2022 को **वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई** की पुण्यतिथि **शहीदी दिवस** के रूप में मनाया गया।आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में एक संगोष्ठी का आयोजन कर वीरांगना को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ डाली ने कहा कि लक्ष्मी बाई समस्त नारी समाज के लिए प्रेरणा की स्रोत हैं।
- दिनांक 21-06-2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना,राजनीति विज्ञान विभाग एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें एनएसएस एवं रोवर रेंजर के छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योगासन व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 23-06-2022 को आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रोवर रेंजर्स, राजनीति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग सप्ताह के दूसरे दिन विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक के रूप में एनएसएस की पूर्व स्वयंसेविका एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षक अभिलाषा यादव ने कठिन से कठिन योगासनों का सरलता से अभ्यास कराते हुए उसके लाभ से परिचित कराया।
- दिनांक 26-06-2022 को एनएसएस व रोवर रेंजर्स के द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाए जा रहे योग सप्ताह के पाँचवें दिन श्वसनतंत्र को मजबूत कर श्वसनक्रिया सुचारू करने वाले योग प्राणायाम एवं आसन का अभ्यास कराया गया।
- दिनांक 27-06-2022 को एनएसएस व रोवर रेंजर्स के द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाए जा रहे योग सप्ताह के छठे दिन रक्त परिसंचरण एवं उत्सर्जन तन्त्र व तंत्रिका तंत्र को मजबूत कर हृदयगति को सुचारू करने तथा किडनी व जननांगों को स्वस्थ रखने वाले योगासनों का अभ्यास कराया गया।
- दिनांक 28-06-2022 को राजकीय महाविद्यालय बदायूं में आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर रेंजर एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे योग सप्ताह का आज समापन हो गया। योग सप्ताह के अंतिम दिन तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए सभी प्रकार के प्राणायाम का विधिवत अभ्यास कराया गया तथा प्रशिक्षक कुमारी अभिलाषा यादव को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।